दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

सत्र – 2022-2023

(20 मई-2022) अभ्यास कार्य पत्र

कक्षा-पाँचवीं **विषय-हिन्दी**

उपविषय:- पठित गद्यांश, संज्ञा और लिंग

निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

गाँव और नगरों में खेलकूद की अनेक प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती हैं।इनमें नदियों और निकटवर्ती समुद्र में आयोजित 'नौका-दौड़' सर्वाधिक आकर्षित करती है। दूर- दूर के गाँव से सर्पाकार नौकाएँ पंबा नदी के तट पर लाई जाती हैं और उनकी पूजा की जाती है। इस दिन सर्पनौका-दौड़ का आयोजन किया जाता है।वर्ष भर ग्रामवासी इस दिन के लिए नौकाओं को विशेष तैयार करते हैं।उनकी मरम्मत रंगाई-पुताई की जाती है।प्रत्येक गाँव वाले अपनी नौकाओं में बैठते हैं।परंपरागत पोशाक पहने नौकागीत गाते हुए सब लोग अपने चप्पू एक निश्चित ताल में एक चलाते हैं।दौड़ में विजेता रही नौकाओं को पुरस्कृत किया जाता है।नौका-दौड़ को देखने के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं।

प्रश्नोत्तर (2)

प्र०1 सर्पनौका-दौड़ प्रतियोगिता कहाँ पर आयोजित की जाती है ?

प्र०2 किन नौकाओं को पुरस्कृत किया जाता है ?

निम्नलिखित शब्दों के उचित अर्थ पर सही(✔) का निशान लगाइए। (2)

प्र०3 पराक्रमी-खुशी,वीर,सैलानी

प्र०4 पर्यटक- सैलानी,बौना,प्राण

निम्नलिखित वाक्यों के सामने सही(✓) या गलत(✕) का निशान लगाइए। (2)

प्र०5 गाँव और नगरों में खेलकूद की अनेक प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती हैं। ( )

प्र०6 नौका-दौड़ को देखने के लिए लोगों पर पाबंदी लगाई जाती है। ( )

व्याकरण

निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए। (5)

प्र०7 डॉक्टर ने रोगी को तीन दिन आराम करने की सलाह दी।

____

प्र०8 माँ ने सोने के कंगन बनवाए। _____________

प्र०9 मैच में जीत के बाद प्रणव की खुशी छिपाए नहीं छिप रही।

____

प्र०10 <u>अक्षरधाम</u> मंदिर की सुन्दरता अपूर्व है। ___________

प्र०11 मेज़ पर फूलों का <u>गुलदस्ता</u> पड़ा है। ___________

निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए। (5)

प्र०12 <u>पंडित</u> पूजा कर रहा है।

____

प्र०13 <u>हिरन</u> पानी पी रहा है।

____

प्र०14 <u>मालिन</u> पौधों को सींच रही है।

____

प्र०15 <u>चुहिया</u> बिल्ली से डर गई।

____

प्र०16 <u>दादा</u> जी सो रहे हैं।

____